प्रीलिम्स फैक्ट्स: 14 मार्च, 2019

अमचंग वन्यजीव अभयारण्य में हाथियों की मौत

पिछले दिनों अमचंग वन्यजीव अभयारण्य की सीमा से लगी नरेंगी छावनी (गुवाहाटी) से हाथियों को दूर रखने के लिये सेना ने ज़मीन पर लोहे की मज़बूत कीलें लगाई थीं जिन्हें अब हटाना शुरू कर दिया गया है।

- ध्यातव्य है कि कीलों की वज़ह से हाथियों को गंभीर चोटों का सामना करना पड़ रहा था, जो आगे चलकर सेप्टिसीमिया (Septicemia) में तब्दील हो जा रही थीं।
- सेप्टिसीमिया रक्त प्रवाह का गंभीर संक्रमण है जिसे रक्त विषाक्तता के रूप में भी जाना जाता है।

अमचंग वन्यजीव अभयारण्य

- अमचंग वन्यजीव अभयारण्य असम के गुवाहाटी में स्थित है, जो लगभग 78 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में फैला हुआ है।
- इस वन्यजीव अभयारण्य में पक्षियों और स्तनधारियों की कई प्रजातियाँ पाई जाती हैं।
- असम सरकार ने जून 2004 में इसे वन्यजीव अभयारण्य घोषित किया था।
- शहरीकरण के बढ़ते प्रभाव की वज़ह से इस अभयारण्य के प्राकृतिक संसाधनों पर खतरा मंडरा रहा है।

वैश्विक ट्रेडमार्क प्रणाली

हाल ही में मंत्रिमंडल ने नीस, वियना तथा लोकार्नो समझौतों से भारत के जुड़ने के प्रस्ताव को अनुमति दे दी।

- **नीस समझौता (Nice Agreements)** ट्रेडमार्क पंजीकरण के उद्देश्य से वस्तुओं और सेवाओं के अंतर्राष्ट्रीय वर्गीकरण से संबंधित है।
- **वियना समझौता (Vienna Agreements)** ट्रेडमार्कों के प्रतीकात्मक तत्त्वों के अंतर्राष्ट्रीय वर्गीकरण से संबंधित है।
- **लोकार्नो समझौता (Locarno Agreements)** औद्योगिक डिज़ाइनों के लिये अंतर्राष्ट्रीय वर्गीकरण से संबंधित है।
- इन समझौतों से जुड़ने के बाद बौद्धिक संपदा (IP) के संरक्षण के संबंध में भारत के प्रति विदेशी निवेशकों का भरोसा बढ़ जाएगा।

पिंक टैक्स

- पिंक टैक्स (Pink Tax) महिलाओं द्वारा चुकाई जाने वाली एक इनविज़िबल कॉस्ट (अदृश्य लागत) है। यह राशि उन्हें उन उत्पादों के लिये चुकानी पड़ती है जो विशेष तौर पर उनके लिये डिज़ाइन किये जाते हैं।
- न्यूयॉर्क में किये गए एक अध्ययन में पाया गया है कि महिलाओं के लिये बने उत्पादों की लागत पुरुषों के लिये बनाए गए समान उत्पादों की तुलना में 7% अधिक होती है।
- व्यक्तिगत देखभाल संबंधी उत्पादों (Personal Care Products) के मामले में यह अंतर 13% तक बढ़ जाता है।
- यह अंतर सिर्फ न्यूयॉर्क या विकसित देशों तक ही सीमित नहीं है बल्कि भारत में भी महिलाएँ विशेष रूप से उनके लिये उत्पादित वस्तुओं और सेवाओं की एक विस्तृत श्रृंखला पर पिंक टैक्स का भुगतान करती हैं।
- उदाहरण के तौर पर अधिकांश सैलून पुरुषों की तुलना में महिलाओं के बाल काटने पर अधिक शुल्क लेते हैं। यह रेज़र और डियोडरेंट जैसे व्यक्तिगत देखभाल संबंधी उत्पादों के लिये भी सही है।
- एक प्रसिद्ध ब्रांड के डिस्पोज़ेबल रेज़र की कीमत पुरुषों के लिये लगभग 20 रुपए के आसपास है और उसी कंपनी की महिलाओं के लिये सबसे सस्ती डिस्पोज़ेबल रेज़र की कीमत 55 रुपए के करीब है। जबकि 'महिला संस्करण' पैकेजिंग के अलावा सामान्य से शायद ही अलग हो।

क्वालिटी ऑफ लिविंग रैंकिंग

- हाल ही में मर्सर (Mercer) ने क्वालिटी ऑफ लिविंग रैंकिंग (Quality of Living Ranking- 2019) जारी किया है।
- ऑस्ट्रिया की राजधानी वियना को रहने योग्य शहरों की श्रेणी में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है तथा दूसरे स्थान पर स्विट्ज़रलैंड का ज़्यूरिख शहर है।

- तीसरे स्थान पर कनाडा का वैंकूवर, जर्मनी का म्यूनिख और न्यूज़ीलैंड का ऑकलैंड हैं।
- 231 शहरों की सूची में भारत के हैदराबाद और पुणे को 143वाँ स्थान प्राप्त हुआ है।
- बंगलूरू-149, मुंबई-154 और कोलकाता 160वें स्थान पर है।
- यह इंडेक्स शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण एवं पारिस्थितिकी, लोक सेवाओं और परिवहन, उपभोक्ता सामानों की उपलब्धता, आर्थिक वातावरण, सामाजिक-सांस्कृतिक वातावरण इत्यादि जैसे संकेतकों पर आधारित होता है।
- ज्ञातव्य है कि मिर्सर (Mercer) मानव संसाधन के बारे में परामर्श देने वाली दुनिया की सबसे बड़ी कंपनियों में से एक है। इसका मुख्यालय न्यूयॉर्क सिटी (संयुक्त राज्य अमेरिका) में है।

और पढ़ें...

वैश्विक जीवन क्षमता सूचकांक – 2018

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/prelims-facts-14-03-2019